Title: Need to connect Azamgarh in U.P. with other Metropolitan cities by train .

डॉ.बलिराम (लालगंज) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ की ओर दिलाना चाहता हूं, जो कि उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा जिला है, क्योंकि आजादी के बाद से आज तक इस जनपद को देश के विभिन्न महानगरों से रेल यातायात द्वारा नहीं जोड़ा गया है, जबकि इसी जनपद में मुबारकपुर क्षेत्र है, जहां की रेशम की साड़ियां देश-विदेश में जानी व पहचानी जाती हैं। आजमगढ़ जिले से लोक सभा व राज्य सभा के सात सांसद भी हैं। इस क्षेत्र के लोग देश के कोने-कोने व विदेशों में नौकरी व व्यवसाय के लिए प्रतिदिन आते-जाते हैं। वाराणसी रेलवे आरक्षण केन्द्र व आजमगढ़ रेलवे आरक्षण केन्द्र से आरक्षण कराने वाले अधिसंख्य यात्री जनपद आजमगढ़ के निवासी होते हैं। ऐसे में विभिन्न महानगरों से सीधी रेल सेवा न होने के कारण आजमगढ़वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जनपद आजमगढ़ को सीधी रेल सेवा द्वारा दिल्ली, मुम्बई, कोलकता व चेन्नई से जोड़ा जाये।